


**वॉटसन और डु प्लेसिस ने जमकर बल्लेबाजी की**

शेन वॉटसन और फाफ डु प्लेसिस ने विकेट पर जमकर बल्लेबाजी की। इस दोनों ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया और पंजाब के गेंदबाजों को कोई कामयाबी हाथ नहीं लगने दी। वॉटसन ने 53 गेंद पर 83 और डु प्लेसिस ने 53 गेंद पर नाबाद 87 रन की पार्टनरशिप की। चेन्नै ने 17.4 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 181 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## रवि बिश्नोई का अनोखा गेंदबाजी ऐक्शन, सब हुए हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स ने किंग्स इलेवन पंजाब को रविवार को हुए मुकाबले में 10 विकेट से हरा दिया। इस मैच में किंग्स इलेवन के खिलाड़ी मैदान पर पूरी तरह पस्त नजर आए। इस बीच किंग्स इलेवन के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने कुछ अलग करने की सोची। ओवर की शुरू की पांच गेंदों तक तो ऐसा लगा जैसे यह काम कर रहा है लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर वॉटसन ने शानदार चौका लगा दिया। किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। दुबई में हुए इस मुकाबले में टीम में पंजाब ने चार विकेट पर 178 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पंजाब की ओर से केएल राहुल ने शानदार 63 रन बनाए। चेन्नै की ओर से शार्दुल ठाकुर ने दो विकेट लिए व रविंद्र जडेजा और पीयूष चावला को एक–एक कामयाबी मिली। विकेट थोड़ा धीमा था और ऐसा लग रहा था कि इस पर रन बनाना आसान नहीं होगा। पर चेन्नै के बल्लेबाजों ने अलग ही रंग दिखाया।

# हमने छोटी–छोटी चीजों को सही किया: धौनी

**क्रिकेट**

### जीत के बाद बोले धोनी, आगामी मैचों में इन इसे दोहराने में सफल रहेंगे



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। पिछले मैचों में हार के दौरान छोटी–छोटी चीजों को बेहतर करने पर जोर देने वाले चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 10 विकेट की शानदार जीत के बाद कहा कि उनकी टीम छोटी–छोटी चीजों को सही करने में सफल रही।

अंक तालिका में निचले पायदान पर चल रही दो टीमों की जंग में चेन्नै सुपर किंग्स ने 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए फाफ डु प्लेसिस (नाबाद 87) और शेन वॉटसन (नाबाद 83) के बीच पहले विकेट की 181 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 17.4 ओवर में बिना विकेट खोए 181 रन बनाकर जीत दर्ज की। वॉटसन ने 53 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और 11 चौके मारे जबकि डु प्लेसिस ने 53 गेंद का सामना करते हुए 11 चौके और एक छक्का जड़ा। धोनी ने अपनी टीम की एकतरफा जीत के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि हमने छोटी–छोटी चीजों को सही किया। बल्लेबाजी में हमें जिस शुरुआत की जरूरत थी हमें वह शुरुआत मिली। उम्मीद करते हैं कि आगामी मैचों में इन इसे दोहराने में सफल रहेंगे।'

आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले वॉटसन की पारी के संदर्भ में धोनी ने कहा, 'यह सिर्फ अधिक आक्रामक होना नहीं है। वह (वॉटसन) नेट पर गेंद को काफी अच्छी तरह हिट कर रहे थे और आपको इसे पिच पर दोहराना होता है। यह समय–समय की बात है। फाफ हमारे लिए एंकर की भूमिका निभाते हैं और बीच के ओवरों में अच्छे शॉट खेलते हैं। वह लैप शॉट के साथ हमेशा गेंदबाज को भ्रम में डालते हैं।'

धोनी ने कहा कि पंजाब की टीम को कम स्कोर पर रोकना महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा, 'पहले तीन चार मैच देखने के बाद मुझे लगा कि अगर आप उन्हें कम स्कोर पर रोकते हो तो उन पर दबाव डाल सकते हो। सभी टीमों के पास आक्रामक बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी को ध्वस्त कर सकते हैं और हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया।'

पंजाब की टीम की यह लगातार तीसरी और पांच मैचों में चौथी हार है जिससे टीम अंतिम स्थान पर खिसक गई और इससे कप्तान लोकेश राहुल काफी निराश दिखे। मैच में पंजाब की ओर से सर्वाधिक 63 रन बनाने वाले राहुल ने कहा, 'इतने सारे मैचों में हार का सामना करना निराशाजनक है। हमें कड़ा प्रयास करते रहना होगा। इसमें कोई रॉकेट विज्ञान नहीं है, हमें पता है कि हम कहां गलती कर रहे हैं। हम योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में नाकाम हो रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि हम सबक सीखेंगे और वापसी करेंगे।' टीम के स्कोर के बारे में राहुल ने कहा, 'मैंने सोचा था कि 178 रन का स्कोर अच्छा रहेगा।

# हम अपने खिलाड़ियों का साथ नहीं छोड़तेः सीएसके कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



दुबई। चेन्नै सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि खराब नतीजों के बावजूद उनकी टीम ने अपने खिलाड़ियों पर भरोसा कायम रखा और ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला शेन वॉटसन का फॉर्म इसका उदाहरण है कि उनका फैसला सही था। सलामी बल्लेबाजी वॉटसन ने पांचवें मैच में 53 गेंद में 83 रन बनाए जिसकी मदद से चेन्नै ने हार की हैटट्रिक के बाद रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब को दस विकेट से हराया। फ्लेमिंग ने मैच के बाद ऑनलाइन प्रतिक्रिया में कहा ,'इससे मदद मिलती है क्योंकि खिलाड़ियों को पता होता है कि उन्हें और मौके मिलेंगे। हम टीम में बदलाव की बजाय अपनी कमियों को ठीक करने में भरोसा करते हैं। आपको यह भी पता नहीं होता कि बदलाव कारगर होगा भी या नहीं।'

उन्होंने कहा, 'हम सुधार की कोशिश करते हैं और खिलाड़ी सही होने पर हम उनका दूर तक साथ देते हैं।' यह पूछने पर कि वॉटसन ने खराब फॉर्म से उबरने के लिए क्या किया, फ्लेमिंग ने कहा, 'कुछ नहीं।' उन्होंने कहा, 'अनुभवी खिलाड़ी की यही ताकत होती है। अगर वह नेट्स पर खराब फॉर्म में होते तो समस्या थी लेकिन वह अच्छा खेल रहे थे। यह समय की बात होती है। उनका फॉर्म हमारे लिए बहुत अहम है।' दस विकेट से जीत के बावजूद कोच ने कहा कि उनकी टीम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। उन्होंने कहा, 'इस तरह के प्रदर्शन से बहुत कुछ ढक जाता है लेकिन हम सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। फाफ अच्छा खेल रहे थे और अब वॉटसन भी फॉर्म में लौटे हैं।'

## ला लीगा में लेवांते को हराकर रीयल मैड्रिड ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। रीयल मैड्रिड ने रविवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में लेवांते को 2–0 से हरा दिया। टीम की जीत में विनिसियस जूनियर (16वां मिनट) और करीम बेंजेमा (90वें मिनट) ने गोल दागे। इसके साथ ही मैनेजर जिनेदिन जिदान की टीम रीयल मैड्रिड ने लगातार तीसरी जीत के साथ तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। इसके अलावा टीम की जीत में गोलकीपर थिबाउट कोर्टियस का भी अहम योगदान रहा जिन्होंने कई महत्वपूर्ण बचाव करके लेवांते को एक भी गोल करने नहीं दिया। टॉटनहम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड को 6–1 से करारी शिकस्त दी। टॉटनहम की जीत में सोन ह्यूंग–मीन और हैरी केन की जोड़ी चमकी, जिन्होंने दो–दो गोल दागे। मैनचेस्टर युनाइटेड की मैच में शुरुआत तो अच्छी हुई जब ब्रूनो फर्नांडीज ने दूसरे मिनट में ही पेनाल्टी को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला था। हालांकि, इसके दो मिनट बाद ही टेंगाई डोंबले ने बॉक्स के अंदर से गोल कर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया।

## न्यूज डायरी




### पाकिस्तान का लक्ष्य भारत के साथ खेले बिना आत्मनिर्भर बननाः पीसीबी सीईओ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वसीम खान ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट को इस बात की चिंता नहीं है कि वह भारत के साथ कब खेलेगा बल्कि इसके अलावा उसके पास ध्यान देने के लिए काफी सारी चीजें हैं। खान ने पाकपैशन डॉट नेट से कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट के प्रशंसकों को मेरा संदेश है कि हमने अभी तक काफी कुछ हासिल किया है और इसमें काफी मेहनत लगी है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट को भारत के साथ दिवपक्षीय सीरीज खेलने की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उसके पास इसके अलावा करने के लिए काफी कुछ है।' उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई के पाकिस्तान के साथ खेलने से पहले भारतीय सरकार की मंजूरी की जरूरत होती है और यह सच है। इसलिए इस आधार पर और इस समय जो लोग सत्ता में आसीन हैं, उनका जिंदगी जीने का तरीका, कुछ मामलों पर उनके विचार, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है, उसे देखते हुए इसकी संभावना बहुत कम है कि वह निकट भविष्य में भारत के साथ खेलें।'

### टी20 क्रिकेट में 9000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन सकते हैं विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ नाबाद 72 रन की पारी खेलकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए। कोहली ने बैंगलोर के पहले तीन मैचों में 3, 1 और 14 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद अबू धाबी में उन्होंने हाफ सेंचुरी बनाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाई थी। 181 मैचों में 5502 रन बनाकर विराट कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। सोमवार को विराट कोहली के पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान एक और उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। कोहली टी20 क्रिकेट में 9000 रन पूरे करने से सिर्फ 10 रन दूर हैं। अगर कोहली दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह मुकाम हासिल कर लेते हैं तो वह 9000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे।

### छठे नंबर नहीं चेन्नई के लिए ओपनिंग करेंगे महेंद्र सिंह धौनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 13वें सीजन में तीन लगातार मैच हारने के बाद जीत का स्वाद चखा। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ रविवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में चेन्नई ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर धमाकेदार वापसी की। शेन वॉटसन और फाफ डु प्लेसिस ने नाबाद 181 रन की साझेदारी कर टीम को बड़ी जीत दिलाई। शुरुआती मुकाबलों में कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी बातें की गई। धौनी ने पहले तीन मैच में नीचले क्रम में बल्लेबाजी की थी जिसके बाद उनका आफी आलोचना की गई थी। सैम कुर्रन और रवींद्र जडेजा के बाद बल्लेबाजी करने आने को लेकर दिग्गजों से लेकर फैंस तक ने उनकी बुराई की थी। पंजाब के खिलाफ मैच के दौरान चेन्नई के कोच ने इस सवाल को लेकर पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को कहा कि धौनी अब पहले नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

### आईपीएल में 100 कैच लेने वाले दूसरे विकेटकीपर बने धौनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धौनी ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह आइपीएल में 100 से ज्यादा कैच लेने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए हैं। धौनी ने यह उपलब्धि रविवार शाम को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हासिल की। पंजाब की पारी के 18 वें ओवर के दौरान उन्होंने शार्दुल ठाकुर की गेंद पर केएल राहुल कैच लेकर इस उपलब्धि को अपने नाम किया। भारत के पूर्व कप्तान ने 195 आइपीएल मैचों में 139 शिकार किए हैं, जिसमें 100 कैच शामिल हैं। पंजाब को चेन्नई ने 10 विकेट से हराया।